कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

ई0–निविदा सूचना

नगर निगम, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विद्युत सामग्री क्रय करने सम्बन्धी टू–बिड (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) के माध्यम से निम्नानुसार ई–निविदा आंमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण/शर्तें वेब साईड www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। निविदा राशि व धरोहर राशि वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम जमा करानी होगी।

| कार्य का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | ई–निविदा डाऊनलोड करने की तिथि | ई–निविदा डालने की तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विद्युत सामग्री क्रय करने सम्बन्धी | 1000.00 जी0एस0टी0 18 प्रतिशत अतिरिक्त | रू0 40,000/– (चालीस हजार रूपये) | 21.04.2023 से 15.05.2023 दोपहर 1:00 बजे तक | 15.05.2023 सांय 5:00 बजे तक | 16.05.2023 को प्रातः 11:00 बजे |
| | | | | | नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून |

पत्रांक :–167/ST/न0नि0दे0दून0/2023

दिनांकः–19/04/2023

प्रतिलिपिः–

1. मा0 महापौर महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक हिन्दुस्तान संस्करण कृपया निविदा को अपने अगले अंक में प्रकाशित कर बिल एवं समाचार पत्र की तीन प्रतियां न्यूनतम जगह में प्रकाशित करते हुए नियमानुसार छूट के साथ बिल इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
3. सम्पादक पायनियर संस्करण कृपया निविदा को अपने अगले अंक में प्रकाशित कर बिल एवं समाचार पत्र की तीन प्रतियां न्यूनतम जगह में प्रकाशित करते हुए नियमानुसार छूट के साथ बिल इस कार्यालय को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
4. श्री मनीष पन्त आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना निविदा वेबसाईट www.uktenders.gov.in.com एवं नगर निगम देहरादून की वेबसाईट में डालना सूनिशियत करें।
5. नोटिस बोर्ड नगर निगम कार्यालय पर चस्पा करने हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम, देहरादून।

Scanned with CamScanner

वर्ष–2023-24

# निविदा दस्तावेज

कार्य का नाम– नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये विद्युत सामग्री क्रय/आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा।

# नगर निगम देहरादून।

ई–मेलआई०डी०–nagarnigam.ddn@gmail.com
बेबसाइट–www.nagarnigamdehradun.com

(महेश कुमार)
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम, देहरादून

(रजित कोटियाल)
सहायक अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

# ई–निविदा दस्तावेज

**1. ई–निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समय :–**

- ई–निविदा प्रकाशित करने की तिथि – दिनांक 20.04.2023।
- ई–निविदा अपलोड करने की तिथि – दिनांक 20.04.2023।
- ई–निविदा डाउनलोड की तिथि – दिनांक 21.04.2023 से 15.05.2023 तक।
- ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 15.05.2023, समय सायं 5.00 बजे तक।
- ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 16.05.2023, समय सायं 11.00 बजे।

**2. कार्य का नाम :–**

- नगर निगम, देहरादून में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये विद्युत सामग्री क्रय/आपूर्ति करने हेतु ई–निविदा।

**3. निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता :–**

- निविदा के साथ अपना नाम व पता या व्यापार करने का स्थान, टेलिफोन नंबर/मोबाईल नंबर, ई–मेल नंबर, आधार कार्ड की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- निविदा दाता को विद्युत सामग्री की आपूर्ति के अनुभव, विगत कार्य पूर्ति, परफारमेन्स से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/प्रपत्र आदि निविदा के साथ प्रस्तुत करने अनिवार्य है।
- निविदादाता को अपने फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नम्बर सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- फर्म का चाटर्ड अकाउटेंट से प्रमाणित विगत तीन वर्षो का टर्न ओवर, जिसमे प्रत्येक वर्ष का टर्नओवर कम से कम रू0 5,00,000/– (पांच लाख रूपये) हो, उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- फर्म का विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
- निविदादाता द्वारा देशभर में किसी भी सरकारी विभाग/प्राधिकरण /नगर निकाय में ब्लैक लिस्टेड नही होने का शपथ पत्र 100/– के नॉन जूडिशियल स्टाप पेपर पर देना अनिवार्य होगा।
- पात्रता/आर्हता से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र (वित्तीय बिड से सम्बन्धित प्रपत्र को छोड़ कर) निविदा की अन्तिम तिथि से पूर्व सील बन्द लिफाफे में नगर निगम देहरादून के स्टोर (विद्युत) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

**4. ई–निविदा शुल्क :–**

- निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम निविदा शुल्क रूपये 1,000/– (+ जी0एस0टी0 18% अतिरिक्त) कुल रूपये 1,180/– (एक हजार एक सौ अस्सी रूपये) का डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से नगर निगम देहरादून के नाम जमा रसीद की मूल प्रति निविदा डालने की अन्तिम तिथि पूर्व नगर निगम देहरादून के स्टोर (विद्युत) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है, निविदा शुल्क की मूल प्रति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा।
- निविदा शुल्क धनराशि को किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।

**5. धरोहर राशि :–**

- निविदा हेतु रू0 40,000/– (चालीस हजार रूपये) निविदा धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी/डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम बन्धक कराना होगा।
- धरोहर राशि/निविदा शुल्क सम्बन्धी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/डी0डी0 की हार्ड कापी सील बन्द लिफाफे में स्टोर (विद्युत) अनुभाग में निविदा डालने की अन्तिम तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

**6. कार्यपूर्ति प्रतिभूति :–**

- सफल निविदादाता को उल्लेखित सामग्री के मूल्य की धनराशि का 05 प्रतिशत कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में वाणिज्य बैंक से निर्गत डिमान्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद या बैंक गारन्टी, वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम जमा कराना अनिवार्य होगा। जो अनुबंध की समाप्ति तिथि के

(महेश कुमार) स्टोर / रिकार्ड कीपर लेखा लिपिक नगर निगम देहरादून

(रजित कोटियाल) सहायक अभियन्ता नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

बाद कम से कम 06 माह तक वैध होनी आवश्यक है।

- सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी जायेगी।

**7. ई–निविदा विधि :–**

- ई–निविदा हेतु दो प्रस्ताव प्रणाली आमंत्रित की जा रही है,
- प्रस्ताव–एक (तकनीकी बिड) में निविदा से सम्बन्धित दस्तावेज/शपथ पत्र/धरोहर राशि/टेण्डर फीस एवं कार्य से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जायेंगे।
- प्रस्ताव–दो (वित्तीय बिड) में वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि ई–निविदा पोर्टल पर बी0ओ0क्यू0 के अनुसार होगा।

**8. वित्तीय प्रस्ताव (वित्तीय बिड) :–**

- ई–निविदा प्रक्रिया में उक्त कार्य हेतु बी0ओ0क्यू0 के अनुसार दरें प्रस्तुत की जायेंगी। (संलग्न–बी0ओ0क्यू0) वित्तीय निविदा में समस्त सामग्रीयों की दरें समस्त कर एवं भाडे सहित अंकित करना अनिवार्य है।
- समस्त सामग्रीयों की दरें अंकित किया जाना अनिवार्य है।
- न्यूनतम दरों के आधार पर निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।
- उक्त कार्य न्यूनतम दर प्रस्ताव (L-1) करने वाले निविदादाता को दिया जायेगा। सामग्री की मात्रा ज्यादा होने के दशा में, नगर निगम अन्य असफल निविदादाताओं को उक्त आपूर्ति (L-1) के दरों पर करने का अवसर प्रदान करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के पास रक्षित होगा।
- तकनीकी बिड में सफल निविदा प्रस्तुतकर्ताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**9. भुगतान प्रक्रिया :–**

- कार्य के लिए अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
- कार्य के उपरान्त बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
- निगम द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री का निरीक्षण करने के उपरान्त संतोषजनक पाए जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
- नगर निगम स्तर पर अपरिहार्य कारणों से भुगतान में विलम्ब होने पर निविदादाता द्वारा आपूर्ति नहीं रोकी जायेगी।

**10. विवाद की स्थिति होने पर :–**

- फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।
- किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

**11. निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति :–**

- किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाये।

**12. आपूर्ति आदेश :–**

- समस्त सामग्री उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिये, संलग्न– बी0ओ0क्यू0 में सम्मलित सामग्री की गुणवत्ता/मानक/माप हेतु समस्त सामग्री के सैम्पल नगर निगम के स्टोर (विद्युत) में उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
- अनुमानित मात्रा घट बढ़ सकती है, आवश्यकतानुसार ही समय–समय पर सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑडर दिया जायेगा। विद्युत सामग्री की आपूर्ति नगर निगम कार्यालय में एफ0ओ0आर0 करानी होगी।
- यदि सफल निविदादाता फर्म द्वारा अनुबंध/आपूर्ति आदेश के बाद निर्धारित समय में आपूर्ति नहीं की जाती है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध एवं निविदा को निरस्त किये जाने कि कार्यवाही की जायेगी।

**13. विलम्ब से प्राप्त निविदा :–**

- देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

(महेश कुमार)
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम, देहरादून

(रजित कोटियाल)
सहायक अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| **14. ई–निविदा का प्रकाशन :–**<br>• ई–निविदा विवरण उत्तराखण्ड ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।<br>• ई–निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में ई–निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा। | |
| **15. निविदा की अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :–**<br>• स्टोर कीपर (विद्युत), नगर निगम, देहरादून।<br>• मोबाईल नम्बर– 8851430867, 7983879220 | |

( महेश कुमार )
स्टोर / रिकार्ड कीपर
लेखा लिपिक
नगर निगम, देहरादून

( रजित कोटियाल )
सहायक अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, देहरादून

Scanned with CamScanner